## खबर संक्षेप

### झिगराघाट मंडला की कवयित्री योगिता चौरसिया की कृति निर्विकार पथ (एक पग धर्म की ओर) खंड काव्य का विमोचन



**भुआबिछिया।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के कर कमलों द्वारा निर्विकार पथ (एक पग धर्म की ओर) खंड काव्य पुस्तक के विमोचन के अवसर पर सभी भगत परिवारों की उपस्थिति में संपन्न हुआ है। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जीवन निर्माण के जिस पथ पर चल रही कवयित्री योगिता चौरसिया ने उसी पथ की कृति का विमोचन श्री बाबा श्री जी के अवतरण दिवस पर सत्य सरोवर आसन (बगासपुर, नरसिंहपुर ) में संपन्न हुआ है। ये अत्यंत गौरव का एवं प्रसन्नता का विषय है। इस अवसर पर कवयित्री के परिवार, शुभ चिंतकों ने बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### ब्लैक मेल कर नाबालिक से दुष्कर्म करने का आरोपी

**अंजनिया।** एक नाबालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसे डरा धमका कर एक युवक द्वारा अश्लील फोटो लेकर ब्लैक मेल कर बार बार दुष्कर्म किया जा रहा है।घटना की शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 599/25 अंतर्गत धारा 74, 78 (1)(1), 137 (2), 65(1), 64(2) एम, 351(3), 308(2) बीएनएस एवं 7, 8, 11, 12, 5 एल, 6 पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया और विवेचना प्रारंभ की गई।विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आरोपी सत्यम पटैल निवासी मांद के संभावित ठिकानों में दबिस देकर गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजनियां उपनिरीक्षक प्रवीण शर्मा , एएसआई मेहंत लाल, प्रधान आरक्षक उत्तम गोठरिया, आरक्षक सुनील सिंह, कीर्ति नगपुरे, अंचल बघेल, दिनेश पगरवार का विशेष योगदान रहा।

### अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** श्रीमती पूनम पति श्री मूलचंद निवासी ग्राम शंकरगंज, तहसील नारायणगंज के 4 जुलाई 2025 को तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण कच्चे मकान में पानी आने से गेहूं, धान, घरेलू सामान, बर्तन, कपड़ा क्षतिग्रस्त होने पर अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

## बचत की राशि को ऋण के नाम पर किया गया था बंदरबांट

# क्या पीड़ितों को वापिस मिलेगा पैसा

*** अब जाकर दोषियों के खिलाफ हो रही कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला सहकारी बैंक के मार्गदर्शन पर बनी अल्प बचत सहकारी समिति के कर्मचारियों एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत से अल्प बचत बैंक में जमा राशि में करोड़ों का घोटाला हुआ। यह वह राशि थी जो उन कर्मचारियों ने अपने वेतन से बचा-बचाकर जमा की हुई थी इन कर्मचारियों को ज्ञात था कि नौकरी के उपरांत उन्हें उतनी पेंशन नहीं मिलने वाली जिससे उनका गुजारा हो सके तो उन्होंने वेतन में से ही अपनी कमाई का एक हिस्सा इस अल्प बचत योजना में जमा कराया ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके।

और जब इन कर्मचारियों को अपने सिर पर छत बनाने की या अपने बेटे-बेटियों की शादी की या बुढ़ापे में बीमारी के चलते उपचार की आवश्यकता पर पैसों की जरूरत महसूस हुई तो उन्हें उनके ही जमा पैसे नहीं मिल सके इसके पीछे कारण यह था कि इस जमा राशि का अल्प बचत सहकारी समिति के कर्मचारियों ने उन लोगों को बिना किसी शर्त के या जमानत के ऋण दे दिया जो इस ऋण को बाद में हजम कर गये और हैरत में डालने वाली बात यह कि ऋण लेने वाले लोगों में इस अल्प बचत सहकारी समिति के कर्मचारी भी शामिल थे यानि आपस में ही इन्होंने उन जमाकर्ताओं की करोड़ों की राशि बंदरबांट कर ली जिन्होंने इस उम्मीद जमा कराई थी कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें यह राशि एक मुश्त ब्याज के साथ मिलेगी।







लूटपाट | भ्रष्टाचारियों पर नहीं कर पा रहा प्रशासन कार्यवाही।

### अल्प बचत के नाम पर करोड़ों का घोटाला

• जमाकर्ता पैसे-पैसे को रहे मोहताज।

जब जमाकर्ताओं ने राशि के लिये हो-हल्ला मचाना शुरू किया तो फिर अल्प बचत सहकारी समिति की करतूतें उजागर होती गई इसके बावजूद भी बैंक प्रबंधन एवं जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस पूरे काले कारनामे पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया और किसी तरह इस को समायोजित करने का जुगाड़ ढूंढ़ना प्रारंभ किया गया।

जब इस तरह की खबरें मीडिया में आना प्रारंभ हुई और पीड़ितों जिला प्रशासन को भी इससे संबंधित आवेदन दिये गये तो फिर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में वित्तीय अनियमितताओं की जांच हेतु कलेक्टर के निर्देश पर समिति गठित की गई डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ के नेतृत्व में जांच कराई गई तो मामला करोड़ों का सामने आया जिसमें इस तरह के तथ्य सामने आये अमानतदारों की राशि बैंक द्वारा वापिस नहीं की जा रही और इस राशि को अनुचित तरीके से ऋण के रूप में बांट दिया गया और ऋण की वसूली भी नहीं की गई।

### ईओडब्ल्यू को सौंपी गई जांच

जब जिला स्तर पर बनी समिति को यह ज्ञात हुआ कि मामला काफी संगीन है और करोड़ों रूपये के हेर-फेर का मामला है लिहाजा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को इसकी पूर्णरूपेण जांच करने को कहा गया। ईओडब्ल्यू द्वारा जांच में अनियमिततायें स्पष्ट रूप से पाई गई बैंक द्वारा दिये गये ऋण की वसूली नहीं की गई, नियमों के विपरीत बार-बार ऋण की सीमा बढ़ाई गई और जब लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया तो फिर दस्तावेजों में कलाकारी करते हुये अस्वीकृत को स्वीकृत बनाकर बैठक के निर्णय को भी बदल दिया गया।

जांच में सारी हकीकत सामने आ गई कि किस तरह षड़यंत्र रचकर मेहनत से कमाई हुई जमाकर्ताओं की राशि को आपस में ही एवं अपने लोगों में ही बांट दिया गया। फिलहाल ईओडब्ल्यू द्वारा जो घोटाला हुआ उसकी संभावित राशि 65 लाख रूपये बताई जा रही है लेकिन हकीकत में यह मामला 01 करोड़ से ऊपर के घालमेल का है।

इस पूरे मामले में 04 लोगों को दोषी बनाया गया है इनके विरूद्ध धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है इनमें तात्कालीन महाप्रबंधक, तात्कालीन स्थापना प्रभारी, तात्कालीन लेखापाल व फील्ड कक्ष प्रभारी एवं अल्प बचत साख सहकारी समिति की प्रबंधक शामिल हैं।

करोडों के इस घोटाले में दोषियों के विरूद्ध एफआईआर तो दर्ज कर ली गई है लेकिन बड़ा प्रश्न यह कि जिन्होंने अपनी कमाई में से पैसे बचा-बचाकर भविष्य को देखते हुये राशि जमा कराई थी उन्हें क्या उनके जमा कराये पैसे मिलेंगे, क्या इन दोषियों से शीघ्र पैसों की वसूली होगी या फिर जिस तरह जांच के नाम पर ही इतना समय निकाल दिया गया पैसे वसूली में भी इसी तरह की देर होगी।

जमाकर्ताओं को जिन्हें अपने घर बनाने, बेटे-बेटियों की शादी करने एवं उपचार हेतु पैसों की आवश्यकता है उनकी आवश्यकता की पूर्ति कैसें और कब होगी।

## किसानों की महापंचायत में बीजाडांडी हाइड्रो प्रोजेक्ट का विरोध



*** मंडला में प्रशासन पर गुपचुप सर्वे का आरोप, अधिकारी बोले-अभी सिर्फ सर्वे हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला के बीजाडांडी विकासखंड में प्रस्तावित जल विद्युत परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को ग्राम पंचायत पिंडरई में आयोजित किसान महापंचायत में सैकड़ों किसानों ने परियोजना का विरोध किया। कुछ किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है।

### बिना सहमति गुपचुप तरीके से सर्वे कराने का आरोप

किसानों का आरोप है कि प्रशासन ग्राम सभा की सहमति के बिना ही गुपचुप तरीके से सर्वे करा रहा है। उनका कहना है कि बरगी बांध के पानी का फायदा किसानों के बजाय निजी कंपनियों को पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

किसानों के अनुसार, प्रस्तावित हाइड्रो प्रोजेक्ट के तहत बरगी बांध के ऊपर लगभग 25 मीटर ऊंचे दो बांध बनाए जाने की योजना है। इससे पिंडरई माल, जमठार, खापा, निवाड़ी और पौड़ीगांव के 81 किसानों की लगभग 275 एकड़ निजी भूमि अधिग्रहित होगी। इसके अलावा, करीब 677 एकड़ वन भूमि भी प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने नियमों की अनदेखी का लगाया आरोप

यह क्षेत्र पेसा एक्ट के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र में आता है। नियमानुसार, यहां ग्राम सभा की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का सर्वे या परियोजना शुरू नहीं की जा सकती। ग्रामीणों का आरोप है कि इन नियमों की अनदेखी की जा रही है।

किसानों ने बताया कि वे कई सालों से बरगी बांध से लिफ्ट सिंचाई परियोजना की मांग कर रहे हैं, ताकि उनकी खेती को स्थायी पानी मिल सके। महापंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस हाइड्रो प्रोजेक्ट को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 5 जनवरी को उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस मामले में जिले के अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि हाइड्रो इलेक्ट्रिक जेनरेशन को लेकर फिलहाल केवल सर्वे कराया गया है। उन्होंने बताया कि अभी कोई योजना स्वीकृत नहीं हुई है और न ही कोई अंतिम निर्णय लिया गया है। अपर कलेक्टर के अनुसार, ग्रामीणों में गलतफहमी के कारण भ्रम की स्थिति बनी है।

# कूम्हा कुम्भेश्वर घाट में घाट निर्माण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल दिनांक 28/12/2025 को ग्राम पंचायत कूम्हा के कुम्भेवर घाट कुम्हा ,में जिला पंचायत सदस्य के अथक प्रयास से,राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा द्वारा कूम्हा नर्मदा घाट के लिए 5 लाख की राशि अपने सांसद निधि से घाट (सीढ़ी) निर्माण कार्य हेतु दी गई थी जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम भूपेंद्र वरकड़े जिला पंचायत सदस्य के कर कमलों से किया गया, इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच अखिलेश मरावी, उपसरपंच गंगाराम यादव, ग्राम वरिष्ठ इमरत लाल धुर्वे, समनु नरेती, बसंत वरकड़े, मुन्ना लाल मार्को ग्राम पटेल, जगन्नाथ मार्को, पंचम सिंह कुडापे, शिवकुमार उइके, धनेश बर्मन, मुलाराम बर्मन, अजमेर भावेदी, राम उलाड़ी, मनीषा उलाड़ी, इन्दो बाई मसराम, अहिल्या पुट्टा, सौभा धर्या, प्रभा वरकड़े, लामु भावेदी, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मधुरम स्वीट्स चोरी का आरोपी पकड़ा गया





**मण्डला।** दिनांक 05.12.2025 को प्रार्थी राकेश अग्रवाल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी मधुरम स्वीट्स दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसकर दो मोबाईल फोन चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। गिरफ्तारी एवं कार्यवाही में दिनांक 27.12.2025 को मध्यरात्रि बैगी बैगी चौक स्थित अंजली स्टेशनरी का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करते समय पुलिस गश्त दल द्वारा आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने दिनांक 25-26/12/25 की मध्यरात्रि में अंजली फोटो स्टूडियो, यूनिक फोटो स्टूडियो, लक्ष्मी नारायण कंप्यूटर के ताले तोड़ने के प्रयास एवं मधुरम स्वीट्स में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी में रवि (मुन्ना) बैरागी पिता रामदास (भैय्यालाल) बैरागी उम्र 42 वर्ष निवासी मोहनिया पटपरा (वर्तमान निवास कटरा मण्डला शामिल था। जप्त (बरामद) सामग्री में मोटोरोला कम्पनी का की-पैड मोबाईल, विवो कम्पनी का मोबाईल था। आरोपी से चोरी किए गए मोबाईल बरामद कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मण्डला के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. शफीक खान के मार्गदर्शन में उनि.योगेश पाटीदार सउनि नीरज मिश्रा, प्रआर. पूरन एडपाचे,बलवंत टेकाम मोहन कुड़ापे, आर. दिनेश,प्रियांश रमेश,मृदुल,संदीप, दिनेश,हन्नु मार्को, परेश की सरहनीय भूमिका रही।

प्रतियोगिता | वरिष्ठ मूल शाला में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन।

# प्रतियोगियों को मेडल एवं शील्ड का मिला पुरूस्कार

*** जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौंड, चम्मच दौड़ का रहा आकर्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



एकीकृत शासकीय हाई वरिष्ठ मूल शाला में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। विधाओं में प्राथमिक शाला से जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौंड, चम्मच दौड़, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल से 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, खो-खो कबड्डी, तवा फेंक, गोला फेंक आदि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी अवंती के वार्ड की पार्षद श्रीमती ज्योति बाजपेई, पार्षद नरेश सिंधिया एवं दिनेश चौधरी उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती मनीषा उपाध्याय द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कछवाहा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा अपने उद्बोधन में खेलकूद एवं पढ़ाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनके द्वारा विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के कार्यों की सराहना की गई। उनके द्वारा बताया गया कि वे इस विद्यालय में छात्र के रूप में अध्ययन कर चुके है। अतिथियों के द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर संकुल रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित स्नेहल जोशी एवं प्रवीण वर्मा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रोशन दुबे, प्रधान पाठिका श्रीमती मंजुला यादव, दुष्यंत कछवाहा, केहर सिंह मरावी, श्रीमती लियाकत आरा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रभारी राजीव वर्मा, सोन सिंह धुर्वे, श्रीमती संगीता जोशी, श्रीमती सुशीला सिंगर, श्रीमती आकांक्षा पांडे, श्रीमती सीमा चतुर्वेदी, श्रीमती स्वाति धुर्वे, श्रीमती उषा सिंधिया का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के प्रचार्य द्वारा विद्यालय का संपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं उपस्थित अतिथियों एवं सभी शिक्षक शिक्षकों का आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जनजातीय समाज के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध- मंत्री श्रीमती उइके

*** गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रशासन आपके द्वार जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है और ग्रामीणों का विश्वास और मजबूत होता है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे और हर परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन मिले।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अब ग्रामीणों को हर मौसम में सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास मिल सकेगा। वर्षों से पक्की छत का जो सपना था, वह अब साकार हो रहा है। मंत्री ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में अब तक 320 व्यक्तियों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा आने वाले समय में यहां 165 अतिरिक्त आवासों का निर्माण किया जाएगा।




ग्रामीण अधोसंरचना के विकास की दिशा में उन्होंने गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही रमपुरी से भालीवाड़ा, डुडुमरैयत, डूडूममाल, मानेगांव, पांडीवाड़ा चौकी तक के पहुंच मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किए जाने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र के आवागमन को नई गति मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### रेत ढोने वाले डंपरों की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढ़लाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा ककरा मार्ग से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलना मुश्किल हो जाता है, वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है..? जबकि यह क्षेत्र पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत आने के बाद भी पहोला पुलिस की उदासीनता के चलते इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

### शिक्षक श्रीवास का निधन



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम बनवारी निवासी व शासकीय प्राथमिक शाला पाली (खैरी ) में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक ब्रजेश श्रीवासजी का बीते हुये दिवस 51 वर्ष की अल्प आयु में हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया। अपने शिक्षक साथी के निधन के खबर सुनते ही जहां शिक्षा विभाग से जुडे हुये लोगों में शोक का माहौल निर्मित होने से नही चूका। वही अनेक लोगों ने स्व. श्रीवासजी की शव यात्रा में शामिल होकर अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।

### एक ही बैंक के भरोसे निर्भर होने से सालीचौका क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा लाभ

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है।

# मासूमों की जिन्दगी को परिवहन विभाग द्वारा नजरअंदाज किया जाना पड़ सकता है भारी, नियमों के विरूद्व स्कूली बच्चों को लेकर दौड़ रहे वाहन









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां एक ओर शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धडल्ले से निजी शिक्षण संस्थाएं खुल रही है उसका परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि वह बच्चों को शिक्षा देने की ओर कम और अपनी कमाई की ओर ज्यादा ध्यान देते हुये देखे जा रही है..? क्योंकि इन निजी शिक्षण संस्थाओं में अपनी कमाई के चलते स्कूल संचालकों द्वारा मनमाने तोर से अभिभावकों से फीस बसूलते हुए उन्हें अच्छी सुविधाएं देने की बात तो कही जाती है। मगर उनके द्वारा न तो बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है और न ही उनके द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन किया जा रहा है..? जिसके चलते शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे इन स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग के नियमों का पालन करते हुए मुश्किल से दो चार शिक्षण संस्थाएं ही मिल पायेगी जो शिक्षा विभाग के आदेशों के नियमानुसार संचालित हो रही होगी। मगर यहां पर तो स्थिति यह बनी है कि शहर से लेकर गांव गांव किराना दुकान के तरह से निजी शिक्षण संस्थाओं खुलेते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब नया शिक्षा सत्र शुरू होता है तो अभिभावको को अनेक प्रकार के प्रलोभन देने के साथ सभी सुविधाओं का भरोसा दिलाने से नही चूकते है। मगर वह सुविधाएं बाद में कोसो दूर तक दिखाई ही नही देती है। वही दूसरी ओर अविभावकों से बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के नाम पर जिस प्रकार वाहन शुल्क बसूला जाता है वह सुविधाये कोसो दूर तक नजर नही आ रही है..? शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को लेकर आने जाने वाले इन वाहनों में में जिस प्रकार से भेड़ बकरी की तरह ठूस ठूस करते हुये देखा जा रहा है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है..? यदि इन वाहनों की आर टी ओं संबंधित जानकारी देखी जावे तो अनेक शिक्षण संस्थाओ के पास वाहनों का परमिट व बीमा ही नही होते है। कुछ वाहन तो इस प्रकार के होते है जो निजी उपयोग के नाम पर दर्ज है। मगर उनका उपयोग स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने में किया जाना आम बात हो चुकी है..? इतना ही नही इन वाहनों को चलाने वाले चालको की सच्चाई तो वह शिक्षा विभाग के नियम से पात्र न होने के बाद भी वह स्कूली वाहन दौड़ाते हुये देखे जा रहे है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्था के पास वाहनों का परमिट लिया भी गया है तो वह मात्र नगरपालिका एक फिर नगर परिषद ऐरिया तक ही सीमित है। जबकि इन संस्थाओ द्वारा आने वाहनों को समीपस्थ क्षेत्र के गांवों तक दौडते हुये देखा जा रहा है। इस तरह शहर के बाहरी इलाकों से खुलेआम छात्र छात्राओं को बगैर परमिट व बीमा वाली बसों के माध्यम से लाना ले जाना किया जा रहा है जो पूर्णरूप से अवैध होने के साथ साथ छात्र छात्राओं की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ होने से नही चूक रहा है। वही नियम के साथ यदि किसी शिक्षण संस्था के पास अपने वाहन का परमिट है भी तो उसमें निर्धारित सबारियों की जगह मनके मुताबिक भेड़ बेकरी के तरह बच्चों को भरने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी गौर किया जावे तो स्कूली बच्चों को लाने ले जाने के कार्य में लगे हुये वाहनों के पास जरूरी कागज न होने के बाद भी अकुशल चालक जिनके पास लाईसेंस तक नही होने के बाद उन्हें वाहन दौड़ाते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर विभाग द्वारा जिस तरह सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये जांच के नाम पर औपचारिकता निभाते हुये जिस तरह अभयदान दिया जा रहा है वह निश्चित तौर मासूमों की जिन्दगी पर भारी पड़ने से चूकने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...? इस तरह नगर से लेकर क्षेत्र के अन्य गांवो व कस्बो में संचालित होने वाले अनेक हाई फाई स्टेन्डर शिक्षण संस्थाओं में चल रही बसों व मैजिक गाडिया तथा बेनों सहित आटों में स्कूली बच्चों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ होते हुये आसानी से देखा जा सकता है जो बगैर परिमट व बीमा सहित आर टी ओ टेक्स का भुगतान किये हुए प्रतिदिन नगर सहित आसपास के थाने क्षेत्रों की ग्रामीण सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आ रही है।



## आदर्श स्कूल में नपा अध्यक्ष मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर के शासकीय आदर्श उमावि में बीते हुये दिवस वीर बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा स्थानीय पार्षद सुरेंद्र सिंह गुर्जर, लवली खनूजा और राजेश मोहन शर्मा मौजूद रहते हुये बच्चो को वीर बालको के बलिदान का भावपूर्ण इतिहास से अवगत कराया गया। वही नपा अध्यक्ष मिश्रा ने बच्चों को अनेक सारगर्भित बातों के साथ परीक्षा में सफलता हेतु टिप्स भी दिए। इस दौरान नगर के समाज सेवी व भाजपा के युवा नेता लवली खनूजा ने प्रतिवर्ष कक्षा 10वी और 12वी में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को एक सम्मानजनक राशि से सम्मानित करने की घोषणा की गई। इस दौरान पूरी प्रतियोगिताओ में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले 11 बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किये गये।

# महाराजा खेतसिंह खंगार जयंती समारोह में शामिल हुये शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, भवन निर्माण के लिये सात लाख देने की घोषणा





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

किसी भी समाज व संगठन की एकता का परिचय समाज स्तर पर आयोजनों के दौरान ही देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस खंगार समाज द्वारा आयोजित समाज के गौरव महाराजा खेतसिंह के जयंती के अवसर पर देखने मिला। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस स्थानीय आजाद भवन में खंगार समाज सेवा विकास समिति के तत्वावधान में खंगार समाज के गौरव महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की 885वीं जन्म जयंती समारोह भव्यता पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ खंगार राजवंश की कुलदेवी गजानन माता के पूजन एवं महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की पूजन माल्यार्पण के साथ हुआ। वही अतिथि स्वागत उपरांत अतिथियों ने महाराजा खेतसिंह जी खंगार के शौर्य वीरता पराक्रम पर विचार रखे। इस दौरान केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सामाजिक एकता समरसता राष्ट्र प्रेम सभ्यता संस्कृति को सामाजिक सम्मेलनों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करने की बात कही तथा खंगार समाज की एकता की सराहना करते हुए सामाजिक भवन निर्माण हेतु सात लाख पचास हजार रूपए की घोषणा की गई। वही कार्यक्रम में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभावान छात्रा कु नंदिनी आत्मजा स्वर्गीय बंशीधर को पच्चीस हजार रूपए की घोषणा की गई। इस माके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक श्रीमती साधना स्थापक, मिनेंद्र डागा, मुकेश मरैया पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्षचीचली, डॉ योगेश कौरव जिला पंचायत सदस्य, चंद्रकांत शर्मा मण्डल अध्यक्ष गाडरवारा, राव संदीप सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा विछडा वर्ग मोर्चा, मोहरकांत गुर्जर अध्यक्ष किसान मोर्चा, अशोक भार्गव भाजपा नेता के आलवा गौसेवक ठाकुर प्रसाद सिंह खंगार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खंगार समाज सेवा विकास समिति, सतीश कौरव पार्षद प्रतिनिधि, संजय राजोरिया पूर्व पार्षद, डॉ चंद्रकांत गुप्ता, प्रकाश यादव मुकेश बहेडिया समाजसेवी, आकांक्षा धनोतिया जिला आबकारी अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्य प्रकाश बसेडिया ने किया । स्वागत भाषण में मलखान सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष महाकौशल प्रांत ने मंत्री की घोषणा का स्वागत किया। वही कार्यक्रम के अंत में पधारे हुये अतिथियों के प्रति आभार बलदेव सिंह खंगार ने प्रकट किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवन लाल खंगार ने की स्वागत गीत कु नंदिनी ने मधुर कंठ आवाज में प्रस्तुत किया गया। वही इस कार्यक्रम में माधवशरण घुरे जिला अध्यक्ष रायसेन, घनश्याम सिंह, मिश्रीलाल खंगार, हरिशंकर खंगार, शील कुमार, मनोज कुमार पटवारी, रमेश खंगार, राकेश हरदौलिया कांशीराम घुरे, उमाशंकर, हीरालाल गोहिया, लखन लाल, आकाश खंगार, रामेश्वर प्रसाद, पुरुषोत्तम, शंकरलाल खंगार, पुरषोत्तम खंगार, भूपत सिंह, दीपक खंगार नारायण सिंह खंगार, विपिन विहारी खंगार, ममता हरदौलिया, शिक्षिका चंद्रकांती, पूर्व सरपंच जया खंगार सहित अनेक सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# पांच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर,क्षेत्र के गांवो में छायादार,फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूंठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है, आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है। बताया जाता है कि शहर की शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयो के इर्दगिर्द पूर्व में नेताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने आम, नीम, गुलमुहार, फूलो के जो पौधे लगाए थे,उनको खाद,पानी की व्यवस्था न होने से वे सूख गए है तथा उनमें लगाए गए ट्री गार्ड कबाड़ी की दुकानो पर पड़े दिखायी पड़ रहे है। विदित हो कि क्षेत्र में वन विभाग की ओर से शासन के निर्देशानुसार बीते हुए वर्षो में लगभग 40 हजार पौधो का रोपण जंगल क्षेत्र में कराया था तथा शिक्षा संस्थाओं के परिसरो में बड़ी संस्था में पौधारोपण किया गया था, लेकिन विडम्बना की बात है कि शालाओं में रोपे गए पौधो की सुरक्षा में कोताही बरती जा रही है, जिससे हरियाली बिखेरने वाले ये पौधे असमय सूखते चले जा रहे है, शहरवासियो ने विभिन्न शालाओं के प्राचार्यो से शालाओं के परिसरो में रोपे गए पौधो को सलामत रखने की व्यवस्थाएँ करने की गुहार लगायी है।

## बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ, शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाया जा रहा अपना गोरखधंधा

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं, इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है। क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा, इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं..? पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।





# नशा मुक्ति का संदेश देते हुये छात्र छात्राओं को दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।**

नशे की लत के शिकार जिस तरह किशोर अवस्था के बच्चे देखे जा रहे है वह निश्चित चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहे है। इसी के चलते लगातार बच्चों को नशे की लत से दूर रहने के लिये जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नशा मुक्ति अभियान के तहत बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम शाहपुर के शासकीय हाई स्कूल में विशेष जागरूकता अभियान के तहत ब्रह्म कुमारी परिवार द्वारा संचालित नशा मुक्ति रथ के माध्यम से ऑडियो वीडियो प्रेजेंटेशन दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी नीतू दीदी के उदबोधन द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्राम के नागरिकों को नशा मुक्ति हेतु नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इसके अलावा नशा से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उससे मुक्त होने के लिए ब्रह्माकुमारी आश्रम एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा नशा से दूर रहने हेतु मार्ग दर्शन किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति रेखा चौहान एवं समस्त स्टाफ ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति हेतु सभी को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।





# नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है। मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आना जाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

## खबर संक्षेप

### श्रीराम मंदिर वार्ड बूथ क्रमांक 76 पर हुआ 'मन की बात' 129वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण



**शहपुरा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 129वां एपिसोड आज प्रसारित हुआ। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर वार्ड के बूथ क्रमांक 76 में कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। यह एपिसोड वर्ष 2025 का अंतिम 'मन की बात' कार्यक्रम रहा।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 की प्रमुख उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए देश की प्रगति, विकास कार्यों और जनभागीदारी को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने नए वर्ष 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं और विकास (डेवलपमेंट) के रोडमैप पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक समरसता और नवाचार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थित प्रमुख लोगों में पार्षद सुरेंद्र साहू, काशी अग्रवाल, पंकज साहू, रवीश साहू, संतोष झारिया, लालू झारिया, सहदेव झारिया, दिलीप कछवाहा, राजू यादव सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल रही।सामूहिक श्रवण के बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### बीएसडब्ल्यू/ एमएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं द्वारा बनाया गया बोरी बांध



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत कक्षाओं के संचालन के उपरांत छात्रों के फील्ड वर्क अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा समनापुर हर्रा नाला में लगभग 60 बोरियों में मिट्टी भर कर जल रोका गया। जिससे मवेशियों के उपयोग हेतु तथा सिंचाई का उपयोग किया जा सकेगा और क्षेत्र का जलस्तर में सुधार होगा। अंत में उपस्थित सभी सहभागिताओं को विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे द्वारा जल संचय हेतु जल शपथ दिलाई गई। उपरोक्त कार्यक्रम में मेंटर्स लाल सिंह ठाकुर, राधेश्याम बनवासी, नीतू मरकाम, मनोज कुमार तंतुवाय और समनापुर ग्रामवासी तथा जन अभियान परिषद के योजना अंतर्गत नवांकुर संस्था से जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति समनापुर तथा बाल विकास विद्या मंदिर अमरपुर से राकेश मरावी एवं अरविंद यादव द्वारा बोरी बांध निर्माण हेतु खाली बोरी एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु सामग्री एकत्रित की गई। तथा संस्था द्वारा समस्त प्रतिभागियों को अल्पाहार कराकर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

### व्दारका सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन 21 जनवरी को होगी रवाना

**उमरिया।** प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 21 जनवरी को व्दारका सोमनाथ यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन रवाना होगी । जिसके लिए 179 सीट आवंटित की गई है । यात्रा हेतु आवेदन 7 जनवरी तक किए जा सकते है । उन्होने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक है इस योजना के पात्र है, जबकि महिलाओं के मामले मे आयु सीमा में दो वर्ष की छूट है एवं 65 वर्ष आयु से अधिक आयु के व्यक्तियों को साथ में एक सहायक ले जाने की पात्रता है, ऐसे आवेदन पत्र में सहायक का नाम आवेदक के आवेदन पत्र मे ही सहायक का उल्लेख कराया जाये व आवेदक के नाम के सामने एक्सल सीट पर सहायक का नाम अंकित करे, प्राप्त आवेदन पत्रो का ऑफलाईन एण्ट्री निर्धारित प्रारूप मे कराते हुए प्राप्त आवेदन पत्रो की हार्ड/सॉफ्ट कॉपी सत्यापन करते हुए द्वारका-सोमनाथ के लिए 7 जनवरी तक इस कार्यालय को अनिवार्यतः उपलब्ध करावे।

# शहपुरा में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई नाकाफी, अवैध क्लिनिक बेखौफ जारी



**शहपुरा ।** जिले के शहपुरा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लिनिकों का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास कागजों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं। बिना किसी मान्य डिग्री, डिप्लोमा या पंजीयन के इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर न केवल शहपुरा नगर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलेआम मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं।स्थिति यह है कि कार्रवाई के लिए गठित चार सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय टीम की मौजूदगी के बावजूद अवैध क्लिनिक धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इससे टीम और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में कई ऐसे क्लिनिक चल रहे हैं, जहां झोलाछाप डॉक्टर स्वयं को विशेषज्ञ बताकर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। बिना जांच, बिना रिपोर्ट और बिना योग्यता के इंजेक्शन, ड्रिप और शक्तिशाली दवाइयां मरीजों को दी जा रही हैं। कई मामलों में गलत इलाज से मरीजों की हालत बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस और सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब भी प्रशासन किसी कार्रवाई की तैयारी करता है, इसकी भनक पहले ही संबंधित झोलाछाप डॉक्टरों को लग जाती है। कार्रवाई के दिन क्लिनिक बंद मिलते हैं, लेकिन टीम के लौटते ही फिर से खुल जाते हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि सूचना तंत्र में कहीं न कहीं सेंधमारी है और अंदरूनी मिलीभगत से इन अवैध गतिविधियों को संरक्षण मिल रहा है।झोलाछाप डॉक्टरों पर रोक लगाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर चार सदस्यीय टीम का गठन तो किया गया, लेकिन अब तक न किसी बड़े क्लिनिक को सील किया गया है और न ही किसी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई देखने को मिली है। इससे यह आशंका गहराती जा रही है कि कहीं यह पूरी प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर न रह गई हो।स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते शहपुरा क्षेत्र में अवैध क्लिनिक फल-फूल रहे हैं। रसूखदारों की छत्रछाया में झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ अपना कारोबार चला रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग मजबूरी में इन्हीं के पास इलाज कराने को विवश हैं। यही कारण है कि शिकायतें सामने आने के बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।आमजन का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी और दुखद घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि शहपुरा क्षेत्र में संचालित सभी निजी क्लिनिकों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, बिना योग्यता इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों पर तत्काल कार्रवाई हो और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है, या फिर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती रहेगी। जब तक जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक शहपुरा की जनता जोखिम भरे इलाज के सहारे जीने को मजबूर रहेगी।

## गुरु गोविंद सिंह जी के शहीद पुत्रों को विद्यालय ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

# वीर बाल दिवस पर आयोजन




**डिंडौरी।**

स्थानीय राजूषा हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, डिंडौरी में दिनांक 26 दिसंबर 2025 को वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं वीर साहिबजादों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।इस अवसर पर छात्र राजवीर सिंह ने मुगलों के विरुद्ध हुए युद्धों, विशेषकर चमकौर के युद्ध, में वीरता का परिचय देने वाले शहीद युवाओं पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। यह दिवस सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है।

इन साहिबजादों ने धर्म और मानवता की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी वीरता और पराक्रम आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। साहिबजादा जोरावर सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष तथा फतेह सिंह की आयु 6 वर्ष थी, किंतु इतनी अल्पायु में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान देकर इतिहास में अमिट स्थान प्राप्त किया।वीर बाल दिवस राष्ट्रीय एकता, साहस और भाईचारे का संदेश देता है तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करता है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपने धर्म का ईमानदारी से पालन करते हुए सभी धर्मों का सम्मान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्रीमती अमृतपाल कौर द्वारा किया गया

# भरोठी—मानिकपुर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, पुल से टकराई बाइक



**शहपुरा -** डिंडोरी जिले के भरोठी से मानिकपुर बाजार आते समय एक भीषण सड़क दुर्घटना में प्लेटिना बाइक सवार 55 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि वृद्ध ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भरोठी—मानिकपुर मार्ग पर बरबसपुर रोड के पास तेज रफ्तार प्लेटिना बाइक अनियंत्रित होकर पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक में सवार 55 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक चला रहा व्यक्ति मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शहपुरा सामुदायिक अस्पताल भेजा गया।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और फरार बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सृजन कार्यक्रम के तहत बच्चों का रक्षित केंद्र डिण्डौरी का शैक्षणिक भ्रमण

**डिण्डौरी**



पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन की तकनीकी सहायता से संचालित "सृजन कार्यक्रम" के तहत बच्चों का रक्षित केंद्र डिण्डौरी में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।भ्रमण के दौरान बच्चों को रक्षित केंद्र परिसर की विभिन्न शाखाओं, उनके कार्यों, दायित्वों एवं पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह ओलाडी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों को पुलिस विभाग की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं कानून व्यवस्था के महत्व से अवगत कराया।कार्यक्रम में प्रदीपन संस्था (एनजीओ) के अजीत बेलिया एवं जनसाहस (एनजीओ) की टीम द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उनमें जागरूकता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास हुआ। भ्रमण के दौरान बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों, संसाधनों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी गई।इस अवसर पर बच्चों को कानून का सम्मान करने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने तथा सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। डिण्डौरी पुलिस की यह पहल बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# पंखनी योजना व मध्यप्रदेश खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की तैयारी को लेकर जिले में अभिनव पहल





**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन में जिले की बालिकाओं के लिए पंखनी योजना के अंतर्गत एक सराहनीय और अभिनव पहल की जा रही है। खेल एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से इच्छुक एवं पात्र बालिकाओं को सुबह एवं शाम शारीरिक दक्षता की विशेष तैयारी करवाई जा रही है, ताकि वे आगामी सभी वर्दीधारी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें। जिला प्रशासन की यह पहल जिले की होनहार बालिकाओं को सफल बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। इस पहल से कई गरीब परिवारों की बालिकाओं को भविष्य में रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे।इसी क्रम में मध्यप्रदेश खेलो युवा गेम्स 2026 की तैयारी को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में ब्लॉक, तहसील, जिला एवं संभाग स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मध्यप्रदेश खेलो युवा गेम्स का आयोजन जनवरी माह में प्रस्तावित है, जिसकी प्रतियोगिताएं मध्य प्रदेश के नौ संभागों में आयोजित होंगी। इसी तैयारी के तहत इनडोर खेल परिसर मैदान गलत डिंडोरी में लगभग 1000 खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल गतिविधियों की रिहर्सल आयोजित की गई। इस रिहर्सल में रास्ता काशी नींबू दौड़, एथलेटिक्स 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, रस्सा कशी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल एवं बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं का अभ्यास कराया गया।रस्सा कशी प्रतियोगिता में नमामि देवी दल की कैप्टन संध्या के नेतृत्व में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर रेवा दल की कैप्टन अमीषा रहीं, जबकि तीसरा स्थान रानी लक्ष्मीबाई दल की कैप्टन गुलशन ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रानी अहिल्याबाई दल की वंदना यादव, नर्मदा दल की कैप्टन किरण यादव एवं रानी दुर्गावती दल की कैप्टन अंजू श्रीवास ने भी भाग लिया।पानी से भरा गिलास सिर पर रखकर दौड़ प्रतियोगिता में गणेश्वरी मसराम ने प्रथम स्थान, सरिता मरावी ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा सरीबन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रिया साहू ने प्रथम, रुचि साहू ने द्वितीय, लक्ष्मी यादव ने तृतीय एवं कविता यादव ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इन समस्त खेलकूद गतिविधियों के सफल आयोजन में पवन डावर, सुमित दीक्षित तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग से चेतराम अहिरवार, श्रीमती आरती सोंधिया, श्रीमती संतोषी यादव, श्रीमती सुनीता धुर्व, श्रीमती लक्ष्मी बनावल, राजकुमार धुर्वे, नारायण कुमार, अजीत सिंह एवं नीरज प्रसाद का विशेष सहयोग रहा।

# जंगली सूअर के अवैध शिकार के मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार



**डिंडोरी ।** जिले में वन्यप्राणियों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 दिसंबर 2025 को वन मंडल अधिकारी डिंडोरी श्री पुनीत सोनकर (सामान्य) के मार्गदर्शन तथा उपवन मंडल अधिकारी गाड़ासरई श्री सुरेंद्र जाटव के निर्देशन में पूर्व करंजिया वन परिक्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई।वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व करंजिया श्रीमती कौशांबी झा के नेतृत्व में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वनग्राम जगतपुर एवं नारीग्वारा क्षेत्र में दबिश दी गई। इस दौरान जंगली सूअर के अवैध शिकार, बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त आठ आरोपियों को मौके पर पकड़ा गया। आरोपियों के पास से दो जंगली सूअर का अवैध रूप से शिकार किया जाना पाया गया।मौके पर जब्ती की संपूर्ण कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।उक्त कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक प्रमोद दास पाटिल, सेवाराम उइके, शिवकुमार मरावी तथा वनरक्षक तीरथ राज खैरवार, रमेश मार्को, विकास कुमार सोनवानी, मनोज भारतीय, रघुनाथ प्रजापति, ध्रुव सिंह धुर्वे सहित समस्त वन अमला शामिल रहा।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यप्राणियों के शिकार एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई में अवैध शराब के चार प्रकरण दर्ज



**डिंडोरी । जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 दिसंबर 2025 को आबकारी विभाग वृत्त बजाग ने अवैध शराब रखने और बेचने संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश देकर कार्रवाई की।**

कार्रवाई के दौरान ग्राम बुन्देला निवासी आरोपी प्रमोद पिता शोभा उइके के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा प्लेन, ग्राम पिपरखुट्टा निवासी सुखमतिया बाई पति रामप्रसाद से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, ग्राम गोरखपुर निवासी जानकी बाई पति इंदर से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब तथा ग्राम धनोली निवासी धरमू सिंह पिता बदरूसिंह के पास से 20 पाव जीनियस व्हिस्की विदेशी मदिरा बरामद की गई।इस तरह कुल 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 20 पाव विदेशी मदिरा एवं 18 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 6,420 रुपये बताई गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के तहत चार अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। कार्रवाई में उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, प्रहलाद सिंह चौहान, आबकारी आरक्षक रामभरोस ठाकुर, छिद्दी लाल झारिया, मनीष उइके, करिशमा सलामें एवं नगर सैनिक तोक सिंह मरावी व कोता बाई शामिल रहे।

### कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे धान खरीदी केंद्र किसानों से हुए रूबरू



**अमरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर धान खरीदी केंद्र भानपुर पहुंचे। जहां अपना उपार्जन लेकर पहुंचे किसानों से अलग-अलग जानकारी लिए और किसानों से तौल की जानकारी ली गई। किसानों ने 40.500 किलोग्राम की बोरी भरने की बात बतलाई। साथ ही अन्य सुविधाओं एवं कोई परेशानी के बारे में संतोषप्रद जवाब मिला। खरीदी प्रभारी को निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी प्रकार परेशान ना किया जाए और शासन द्वारा निर्धारित सुविधा में किसी प्रकार की कमी न होने पाये। इसके साथ ही किसानों का किसी प्रकार से शोषण नहीं होना चाहिए।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर सेवा और बलिदान के 140 वर्ष पूर्ण






**डिंडौरी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को मुंबई के गोकुलदास तेजपाल महाविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी, जिसमें देशभर से 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कांग्रेस की स्थापना के समय ए.ओ. ह्यूम को महासचिव तथा कलकत्ता निवासी व्योमेश चंद्र बनर्जी को प्रथम अध्यक्ष चुना गया था।श्री मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की आत्मा में बसती है और स्वतंत्रता से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी एवं स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश की सेवा और जनहित के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीति और सिद्धांतों पर चलते हुए देश को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी जानकी गुप्ता, पार्षद ज्योतिरादित्य भलावी, संतोष कोरवा, राजेश बनवासी, डिंडोरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जावेद इकबाल, ईवर्धन सोनवानी, कमलकिशोर कुशराम, गौकरण परस्ते, गोवर्धन जी, पीर खान एवं शकुन बाई सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में कांग्रेस स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### भानपुर मंडलम में कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा 28 दिसंबर रविवार को 140 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मंडलम भानपुर में मनाया गया। जहां पर क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित हुए। ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर द्वारा कांग्रेस का इतिहास और रीति, नीति से अवगत करते हुए कांग्रेस पार्टी को सुदृढ़ और सशक्त बनाने का कार्यकर्ताओं से अपील की। इसके साथ ही मनरेगा योजना को भाजपा सरकार कमजोर कर बंद करने की कगार में पहुंचा रही हैं। यह भी कहा गया कि यह भाजपा सरकार और भी वर्तमान सरकार की विफलताओं को बताते हुए कांग्रेस का संदेश घर-घर पहुंचने को कहा गया। इनके अलावा कार्यकर्ताओं को आदिवासी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी, ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस राय सिंह मरकाम, सेक्टर अध्यक्ष मत्ते सिंह पट्टा, चमरू सिंह चढ़चढिया, मेहरुद्दीन मंसूरी आदि ने भी संबोधित किए। कार्यक्रम का संचालन तोक सिंह मरावी द्वारा किया गया। जहां प्रमुख रूप से विश्व नाथ कुशराम, खालिद खान भानपुर मंडलम अध्यक्ष, भगवत पट्टा, राम सिंह मरावी महामंत्री, गणेश पुषाम परसेल मंडलम अध्यक्ष, ईश्वर यादव, जगत सिंह सैयाम, शान मंसूरी, मूलचंद, चरन सिंह, लाल सिंह मरकाम, प्रहलाद कुमार मौहारी, अमीर सिंह सैयाम, सुभाष चन्द्र कुलेश, कुहुप सिंह मरावी, सतेश्वर मरावी, बुधराम पट्टा, पंचम सिंह धुर्वे, गेंद लाल गोटिया, आंनद सिंह मौहारी, इसाक कुशराम कार्यक्रम के अंत में राजेश पाटले मंडलम उपाध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थितजनों आभार प्रदर्शन किया गया।

खबर संक्षेप

## नरसिंह मंदिर में मिले दो दुर्लभ पक्षी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीते दिवस नगर के सबसे प्राचीन नरसिंह मुदिर मे दो दुर्लभ पक्षी मिले जिसका वीडिया सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों की भीड़ पक्षियों के देखने के लिए लग गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित नरसिंह मंदिर में मरम्मत का कार्य चल रहा था इसी दौरान मंदिर के उपरी तल पर आवाज सुनाई दी और वहां पर पहुंचे तो देखा गया कि खंडहरनुता कमरे मे दो पक्षी बैठे हुए है जो सफेद रंग तथा बड़ी आंखे है। वीडियो को देखने के बाद लोगों द्वारा टिप्पीणी की जा रही है कि वह जटायु पक्षी है वही मंदिर के पुजारी द्वारा बताया बड्डू महाराज द्वारा बताया गया कि बीते 40 वर्ष पूर्व जब उन्होने मंदिर की पूजा पाठ करना प्रारंभ किया गया था तब इन पक्षियों को देखा गया था अब यह वही पक्षी है या दूसरे है यह कहा नही जा सकता है परन्तु यह पक्षी लंबे समय से मंदिर मे निवास कर रहे है। वीडिया वायरल होने के बाद लोगों द्वारा अनेको प्रतिक्रियांए दी जा रही है तथा पक्षियों को सुरक्षित रखा गया है और लोगों की भीड़ पक्षियों को देखने के लिए उमड़ रही है।

### धरातल से उड़ान नही भर सकी पंख योजना

# युवाओं को तकनीक से जोड़ने का था प्रयास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पंख योजना प्रारंभ की गई। लेकिन धरातल पर पंख योजना उड़ान नही भर सकी और पंख योजना का परिणाम शून्य देखा जा रहा है। जबकि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पंख योजना जिले में उड़ान नहीं भर सकी है। जिले में योजना से दो वर्षो में कुछ ही युवाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण मिल सका है। जिनकी भी गतिविधियां नजर नहीं आ रहीं हैं। योजना के माध्यम से युवाओं को ड्रोन का चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हे रोजगार उपलब्ध कराने के लिए था प्रशिक्षित होकर युवा कृषि तथा अन्य आयोजनों मे अपना हुनर से रोजगार प्राप्त कर सकें।

**धरातल से सब नदारद**

शिक्षित व बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रदेश



सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत युवाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जाना था, ताकि वे आधुनिक कृषि, सर्वे और तकनीकी सेवाओं में रोजगार पा सकें। लेकिन हकीकत यह है कि इस योजना की न तो प्रभावी मॉनिटरिंग हो रही है, न ही प्रशिक्षित युवाओं की कोई गतिविधि नजर आ रही है। ड्रोन तकनीक के जरिए युवाओं को खेती-किसानी में दवा और खाद के छिड़काव, कृषि सर्वेक्षण, विवाह या अन्य समारोहों में ड्रोन फोटोग्राफी जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। इसके बावजूद जिले में प्रशिक्षित ड्रोन संचालक फील्ड पर सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। जिससे योजना का वास्तविक लाभ ग्रामीण अंचलों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

**योजना धरातल से नही भर सकी उड़ान**

जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को पंख योजना के तहत



जिले से चयनित युवाओं को प्रशिक्षण केंद्रों पर भेजा गया था, लेकिन प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भी रोजगार या व्यावहारिक उपयोग की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय स्तर पर अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर तकनीकी रोजगार की दिशा में बड़ी संभावनाओं वाली यह योजना सिमटकर केवल कागजों तक ही रह गई। वहीं सूत्रों की मानें तो योजना के तहत जिले से कुछ युवाओं का प्रशिक्षण के लिए चयन जरूर किया गया था, जिन्हें प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। लेकिन यह संख्या कितनी है इसे लेकर कोई जानकारी देने के लिए तैयार नहीं है। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि सरकार की पंख योजना धरती से उड़ान नही भर सकी।

**योजना का नही हो सका सफल संचालन**

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पंख योजना जिले में उड़ान नहीं भर सकी है। जिले में योजना से दो वर्षो में कुछ ही युवाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण मिल सका है। जिनकी भी गतिविधियां नजर नहीं आ रहीं हैं। प्रदेश शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत युवाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जाना था, ताकि वे आधुनिक कृषि, सर्वे और तकनीकी सेवाओं में रोजगार पा सकें। लेकिन हकीकत यह है कि इस योजना की न तो प्रभावी मॉनिटरिंग हो रही है, न ही प्रशिक्षित युवाओं की कोई गतिविधि नजर आ रही है। ड्रोन तकनीक के जरिए युवाओं को खेती-किसानी में दवा और खाद के छिड़काव, कृषि सर्वेक्षण, विवाह या अन्य समारोहों में ड्रोन फोटोग्राफी जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। इसके बावजूद जिले में प्रशिक्षित ड्रोन संचालक फील्ड पर सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। जिससे योजना का वास्तविक लाभ ग्रामीण अंचलों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

**इनका कहना है**

युवा पीढ़ी स्वावलंबी के लिए यह योजना चलाई गई थी जिले में पंख योजना की स्थिति कमजोर है जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है राज्य सरकार द्वारा पंख योजना को जमीनी स्तर तक लाने के लिए युवाओं का स्वावलंबी बनान मुख्य उद्देश्य था परन्तु राज्य स्तर से चलाई जिले मे आकर विलुप्त हो गई। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों योजना को सशक्त किया जाए।

**जया शर्मा, समाजसेवी**

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविवार को कांग्रेसजनों द्वारापार्टी के स्थापना दिवस से कभी भी कांग्रेस की मूल विचारधारा से समझौता नहीं किया यही कारण है कि आज भी कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास है। उक्त विचार कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने जिला कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। श्री राजपूत ने कहा कि सद्भावना भाईचारा और विकास ही कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। डॉ संजीव चांदोकर ने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी के अनेक नेताओं ने देश की आजादी से लेकर देश के निर्माण में बलिदान कर प्राण तक निछावर किए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विक्रम चैधरी ने कहा कि हमें गर्व है कि कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू ने पार्टी के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सब साथी अभिनंदन के पात्र हैं जो संकट के समय में भी साथ खड़े हुए हैं। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनीराम पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कि देश के निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। उक्त मौके पर चंद्रशेखर



साहू, अस्सू नेमा, आशीष राजवैध, बॉबी खान, आनंद चैरसिया, मुकेश कटारे, देवेंद्र शुक्ला , लखन दुबे, संतोष शुक्ला, डॉ राजकुमार नेमा, अमित राय गोलू ,अतुल चैरसिया, रोहित पटेल, अंकुर बटरी, देवेंद्र प्रजापति, प्रभात तिवारी, रितेश राय, संजय तिवारी, रफीकुद्दीन, यासीन मनचला, अनवर खान, अंकित पटेल, जावेद अख्तर, फजल खान के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने पदाधिकारियों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मप्र शिक्षक संघ की जिला बैठक में दायित्वों के निर्वहन में अच्छा कार्य संपादन करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। सदस्यता अभियान संगठन की मजबूती और समाज में सशक्त संदेश देने के लिए एक महत्वपूर्ण काल होता है। मप्र शिक्षक संघ कार्यकारिणी का स्पष्ट कहना था कि इसलिए पदाधिकारियों और




कार्यकर्ताओं को इसके लिए गंभीरता से अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इन उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति संगठन विस्तार के लक्ष्य के साथ कार्यकर्ताओं का लगातार प्रोत्साहन होते रहना चाहिए ऐसा संदेश मध्य प्रदेश शिक्षक संघ नरसिंहपुर दिया है। इसके लिए प्रांतीय और संभागीय पदाधिकारीगण सहित संरक्षक, संगठन मंत्री,जिला अध्यक्ष के द्वारा मंच के माध्यम से संगठन की सदस्यता अभियान में अच्छी भूमिका का निर्वहन करने के लिए जिला उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर और जिला सचिव कमलेश श्रीवास्तव को चावरपाठा ब्लॉक में अच्छी सदस्यता कार्य करने के लिए एवं जयपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता सहित ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश्वर कौरव को साईंखेड़ा ब्लॉक में अच्छी भूमिका निर्वहन के लिए प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस प्रोत्साहन कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत प्रांत अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठोर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संयोजन बीएस झारिया,होतीलाल शर्मा और संचालन सचिव कमलेश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इसमें संगठन की ओर से वरिष्ठ पदाधिकारी पीए खान अशेष बुधौलिया, विनोद साहू उमेश दुबे राकेश सेन ललित तिवारी गणेश बादल इत्यादि पदाधिकारियों की अच्छी भूमिका रही।

## वात्सल्य भारती माताजी जी का हुआ मंगल बिहार



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस पूज्य 105 वात्सल्य भारती माताजी का आचार्य श्री 108 विशद सागर जी की आज्ञानुसार 5 दिन के लिए डोभी आगमन हुआ था ।जिसे लेकर दिगम्बर जैन समाज एवं समस्त ग्राम वासीयो में बहुत उत्साह का माहौल रहा। इन पांच दिनों में पूज्य माता जी के परम सानिध्य में मंदिर में सुबह श्री जी का अभिषेक शांतिधारा एवं दोपहर में प्रवचन शाम के समय आचार्य भक्ति एवं भजन का आयोजन किया गया। वहीं पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक प्रस्तुति दी गई।गत दिवस उनका मंगल विहार हुआ।

## प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामस्नेही पाठक जिलाध्यक्ष भाजपा, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, पं. नीरज महाराज नगर पालिका अध्यक्ष, महंत प्रीतमपुरी, बंटी सलूजा, सरदार बलवंत सिंह, सरदार हरजीत सिंह खनूजा, मनमोहन सिंह, प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक



मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा दशम गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य को कोटि कोटि नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक दिनेश अग्रवाल, मनीषा राजपूत, साहिल खान, बृजेश चैधरी, दीक्षा सेन, हर्षित चौरसिया, गरिमा पांडे, विवेक साहू, ऋतिक कुशवाहा, आशना यादव द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार, डॉ. रानी कुमारी के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में लघु नाटिका का मंचन किया गया। जिसमें साहबजादे जोरावर सिंह एवं साहबजादे फतेह सिंह के बलिदान को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों के बलिदान को याद करते हुए ललिता द्विवेदी, देवांश पचैरी, भूमि दुबे ने साहिबजादों की शिक्षा, संस्कार अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान की गौरव गाथा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री पटेल द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. नमिता साहू द्वारा किया गया। डॉ. आलोक तिवारी द्वारा सभी को आभार ज्ञापित किया गया।

## 155 नेत्र रोगियों की हुई जांचे 20 रोगियों का होगा आपरेशन

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को भारत विकास परिषद शाखा तेंदूखेड़ा द्वारा नेत्र परीक्षण एवं क्षय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी मुख्य अतिथि क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शचीन्द्र मोदी विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा नरसिंहपुर से



कमलकांत शर्मा कैलाश पटेल पूनम मिश्रा संरक्षक रजनीश जैन उपस्थित रहे। नेत्र शिविर में 155 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें मोतियाबिंद के 20 मरीजो को ऑपरेशन हेतु चयनित कर शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर टीम के साथ रवाना किया गया। तथा 25 लोगों की जांच कर चश्मा वितरण किए गए ।साथ ही क्षय रोग परीक्षण में 60 लोगों की एक्सरे जांच की गई । चार नए क्षय रोगी मिले जिन्हें जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर विनय ठाकुर द्वारा उपचार हेतु चयनित किया गया ।शिविर के दौरान 50 क्षय रोगियों को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। गौरतलब रहे कि भारत विकास परिषद पूरे देश में संपर्क सहयोग संस्कार समर्पण एवं सेवा के मूल सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। शिविर को सफल बनाने में मनोज दुबे का सराहनीय सहयोग रहा।नेत्र शिविर संचालन में शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर टीम का सहयोग मिला। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम बसेड़िया एवं आभार रामकुमार ठाकुर द्वारा व्यक्त किया।



## मणि नागेंद्र सिंह मोनू भैया की जन्म जयंती पर मरीजों को बांटे फल


**तेंदूखेड़ा।** रविवार को गोटेगांव के प्रतिष्ठित युवा नेता स्व मणि नागेंद्र सिंह पटेल की जन्म जयंती पर संपूर्ण जिले में विविध आयोजन हुये वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में उनसे जुड़े शुभचिंतकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच मरीजों को फल वितरित कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।इस मौके पर इमझिरा ग्राम पंचायत के सरपंच दीवान राघवेन्द्र सिंह ठा श्याम सिंह दामोदर सिंह रामकुमार ठाकुर राजेश दुबे नीरज राय अमित खरे नीलेश खरे यशवंत पटेल सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित थे।

# प्रसिद्धि की नहीं, आपको है शुद्धि की आवश्यकता - समय सागरजी

### प्रभु बनने के उद्देश्य से करो धर्म की उपासना

### अज्ञानता का आवरण स्वाध्याय से ही हटेगा

**गोटेगांव-** ग्रहस्थ को सदैव सावधानी रखना चाहिए, तभी गृहस्थी की गाड़ी सही चलेगी। आप बाह्य परिग्रह का त्याग करो तो अंतस के परिग्रह का त्याग भी करना ही होगा। आपको भोगों की अपेक्षा से कभी भी धर्म की उपासना नहीं करनी चाहिए। बल्कि प्रभु बनने के उद्देश्य से ही धर्म की उपासना करनी चाहिए।



आपको शुद्धि की आवश्यकता है, प्रसिद्धि की आवश्यकता नहीं। आप सिद्ध हो जाओगे तो प्रसिद्ध अपने आप हो जाओगे। यह मोक्षदायिनी कल्याणकारी उदगार आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य वर्तमान संघ के नायक आचार्य गुरुवर समय सागर जी महाराज ने गोटेगांव में अपनी धर्म सभा में व्यक्त किए।प्रवचन मंडपम में विराजमान अपार जन समूह से आचार्य गुरुवर ने कहा कि आप ऐसे कार्य करो जिससे तीन लोक के नाथ बनो। सबकी योग्यताएं भिन्न-भिन्न है ।अपने भीतर धार्मिक भाव सदैव बनाएं रखो।आप कहीं भी रहो आपके परिणाम उत्तम होंगे । आचार्य श्री ने उपस्थित भक्त जनों से कहा कि आप कहीं भी रहो सावधान रहो, क्योंकि असावधानी से मोक्ष मार्ग बिगड़ता है। आपको ज्ञान के ऊपर के आवरण को हटाना है। पर यह आवरण अपने आप नहीं हटता है। बल्कि यह स्वाध्याय से हटता है। सम्यक दर्शन से हटता है। आपको निरंतर सावधानी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए, सजग रहते हुए सम्यक दर्शन का पालन करना चाहिए। तभी आपको संसार के परिभ्रमण से मुक्ति मिल जाएगी। आपके कल्याण की भावना हम रख सकते हैं। लेकिन हम आपका कल्याण नहीं कर सकते । बल्कि आपको स्वयं पुरुषार्थ करके आत्म कल्याण करना होगा। ज्ञान का सदुपयोग करना होगा । आपने ज्ञान का दुरुपयोग किया है इसलिए मार्ग नहीं मिला है और आप भटक रहे हो। ध्यान रखें प्रत्येक जीव में प्रबुद्ध शक्ति विद्यमान है।लेकिन ज्ञान के अभाव में वह भटक रहा है। इसलिए आपको पुण्य से जो प्राप्त हुआ है। उसका सावधानीपूर्वक उपयोग करो। आचार्य श्री ने भक्तों से हास्य पूर्ण माहौल में कहा कि आप पूजन करते हो,तो आपके भाव परिणाम भी उज्जवल होंगे। लेकिन आप तो पूजन में कम और दुकानदारी में ज्यादा भावना रखते हो । मंगलाचरण में कहा गया है कि धर्म कोटि में आने वाला धर्म, जैन धर्म है । जिन शासन की धारणाएं धर्मवान है । जो हमें स्वरूप की ओर ले जाता है। लेकिन स्वरूप से विमुख करने वाला धर्म विपरीत धर्म माना जाता है। आपकी दृष्टि सदैव स्वरूप के प्रति होना चाहिए क्योंकि आनंद की अनुभूति सदैव स्वरूप में होती है। ध्यान रखना ज्ञान के विपरीत आचरण ही अज्ञान कहलाता है। धर्म के माध्यम से प्रमोशन ही होना चाहिए, डिमोशन कभी नहीं होना चाहिए। जब ज्ञानमय धर्म के प्रति श्रद्धान हो जाता है। तब श्रद्धान को प्रभावित करने वाली वस्तुएं क्षीण हो जाती हैं। जीवन मे लक्ष्य को निर्धारित किए बिना कभी भी दिशा बोध नहीं होता। आप सांसारिक मार्ग की ओर बढ़ोगे या फिर मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ना है। श्रद्धान होने से ही प्रकाश फैलता है ।अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट होता है और यह प्रकाश देव, गुरु, शास्त्र के चरणों में रहने से ही प्राप्त होता है। गृहस्थ की दृष्टि सदैव सावधानी पूर्वक स्वरूप की ओर होना चाहिए यदि सावधानी रखोगे तो गृहस्थी की गाड़ी सही धर्ममय मार्ग पर चलेगी। कोई भी जीव हो उसमें ज्ञान का अभाव हो ही नहीं सकता। जिस प्रकार टिमटिमाते दीपक में यदि तेल डाल दिया जाता है तो वह प्रज्वलित हो जाता है। ठीक उसी तरह हमारे ज्ञान की परिणति है। जो पुरुषार्थ करने से बढ़ जाता है। आप भगवान की उपासना बिना किसी मांग या प्रलोभन के साथ करना। जो भी आपके अंदर भाव हैं तो उसका प्रभाव होता है। प्रभु के चरणों में बैठकर पूजन करने से जो भाव होते हैं वह क्या दुकान में बैठकर होंगे। कभी नहीं होंगे। आचार्य श्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य क्या है हम करना क्या चाहते हैं इस बात का सदैव विचार करना चाहिए हमें अंतस की ओर बढ़ना चाहिए आचार्य श्री ने एक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि एक सज्जन हमारे पास आए कि महाराज हमें दिशा बोध दो,तो मैंने उनसे कहा कि इस गली के आगे एक कमरा है । वहां पर आचार्य महाराज बैठे हैं। वह तुम्हें ज्ञान देंगे । मैंने दिशा आपको बतला दी क्योंकि एक पेशेंट कभी भी दूसरे पेशेंट को ठीक नहीं कर सकता। मैं भी एक पेशेंट हूं और आप भी पेशेंट हैं। पर विश्व प्रसिद्ध डॉक्टर तो वहां आचार्य श्री बैठे हैं। जो हम सभी को दिशा बोध प्रदान करते है। आगम के अनुरूप उपदेश मिलने से ही आत्म कल्याण होता है। सभी को रत्नत्रय रूपी रत्न का दीपक चाहिए। जो मोह के अंधकार को दूर कर सके। आप ज्ञान का उपयोग अपने आत्म तत्व की ओर करो।आप दिया तले अंधेरा मत करो। सम्यक दर्शन प्राप्त होने पर ही रत्नत्रय दीपक माना जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विषयों से, मोह,माया की हवा तूफान में सम्यक दर्शन रूपी दीपक ही आपको दिया तले अंधेरा से बचा सकता है।

## कृषि का स्कूली छात्र छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**गोटेगांव।** समीपवर्ती करकबेल स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित कृषि ट्रेड के विद्यार्थियों ने प्राचार्य श्री बी एस मेहरा के मार्गदर्शन में विक्रम फार्म करकबेल का भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण में कक्षा 9 से 12वीं के 129 छात्र/छात्राओं ने लाभ उठाया इस भ्रमण के दौरान कृषिकर्मण अवार्ड से सम्मानित एवं भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष नारायण सिंह पटेल



ने जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि, समेकित कृषि, शून्य लागत खेती, सौर ऊर्जा का उपयोग, जल संरक्षण, विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र, नए एग्जॉटिक पौधे जैसे ड्रैगन फ्रूट, चीकू, नारियल, पान, सुपाड़ी, लौंग, आम, जामुन, विषमुक्त पोषण वाटिका में रंगीन फूलगोभी, लाल मूली, बनारस बेर, रुद्राक्ष, बादाम, गुड़ प्रसंस्करण एवं वाटर रिचार्ज सिस्टम के बारे में सभी बच्चों सहित शिक्षकों को भी अवगत कराया। विद्यार्थियों ने बहुत ध्यानपूर्वक जानकारी ली।इस भ्रमण के दौरान विद्यालय से श्री उजियार पटेल, पवन पटेल, मंजूलता धुर्वे, मनीषा साहू एवं व्यवसायिक शिक्षक श्री अमित पटेल एवं कमलेश दुबे उपस्थित रहे।

## महापौर श्रीमति राय का बालाजीपुरम में आगमन

**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय शंकराचार्य कालोनी स्थित कलचुरी समाज जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे के कार्यालय में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय का आगमन हुआ।महापौर श्रीमती मालती राय के आगमन पर कलचुरी समाज महिला मंडल द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुये शाल श्रीफल एवम् स्मृति चिंह भेट किया गया।इस अवसर कुलचुरी समाज नरसिंहपुर जिला अध्यक्षा पंकज चौकसे ने समाज से जुड़े कार्यों की जानकारी देते हुये विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।इसी तारतम्य मे महापौर श्रीमति



राय ने समाज हित मे किये जा रहे कार्यो मे हर संभव सहयोग करने का वचन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा चौकसे जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना चौकसे श्रीमती स्वाति जैसवाल नगर पालिका पार्षद श्रीमती रजनी राय गोटेगांव महिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा राय श्रीमती संगीता श्रीमती जय श्री श्रीमती आरती जैसवाल सहित बड़ी संख्या में सजातीय जन उपस्थित थे